हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

# KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY
(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**EDUCATION**
B.P.Ed. I MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**RESEARCH**
Ph.D.

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM | Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with HIRA EDUCOM

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

**OUR TOP RECRUITERS**
Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon

And Many More....

## +91-9907252100
www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

20-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/20/2024 8:06 PM Page 1





# मेघना गुलजार की फिल्म से बाहर हुए सिद्धार्थ?

**मुंबई।** सिद्धार्थ और मेघना गुलजार ने आगामी फिल्म के लिए हाथ मिलाया है, लेकिन अब कहा जा रहा है कि दोनों फिलहाल इस फिल्म में एक साथ काम नहीं कर रहे हैं। अभिनेता ने इस फिल्म से हाथ पीछे खींच लिया है। वह अपने अभिनय में विविधता लाना चाहते हैं। इस फिल्म में उन्हें एक बार फिर से वर्दी वाला किरदार करना था, इसलिए उन्होंने फिल्म से दूरी बनाने का फैसला किया है। वह दर्शकों को अपनी बहुमुखी अभिनय प्रतिभा दिखाना चाहते हैं। हालांकि, वह मेघना के साथ आगे काम करने को काफी इच्छुक हैं। सिद्धार्थ पिछले कुछ वर्षों में तीन बार वर्दी में नजर आए हैं।

लाइफ Style

# श्रद्धा

## राहुल मोदी के साथ किया रिश्ता कंफर्म?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

श्रद्धा कपूर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी अभिनेत्री हैं। पिछले कुछ दिनों से कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह कहा जा रहा है कि वह कथित रूप से तू झूठी मैं मक्कार के लेखक राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। दोनों की तरफ से इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

हाल ही में श्रद्धा कपूर ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा पोस्ट किया है, जिससे एक बार फिर से कयासों का दौर शुरू हो गया है। दरअसल, श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर राहुल के साथ एक सेल्फी पोस्ट की है। इसके साथ उन्होंने दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है। तस्वीर के साथ श्रद्धा ने लिखा, 'दिल रख ले...नींद तो वापस दे दे यार।' यह पहला मौका है जब अभिनेत्री राहुल के लिए सार्वजनिक तौर पर ऐसा कुछ पोस्ट किया है।

इस साल की शुरुआत में दोनों के अफेयर की खबरों ने सुर्खियां बटोरीं। कई मौकों पर दोनों को एक साथ भी देखा गया। वहीं, अभिनेत्री को गले में एक चेन पहने हुए भी देखा गया, जिस पर पहला अक्षर आर लिखा था, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि यह उन्हें राहुल ने उपहार में दी होगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो श्रद्धा की मुलाकात राहुल से फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' के दौरान हुई। तब वह इस फिल्म से लेखक के तौर पर जुड़े हुए थे। कथित तौर पर साथ काम करते हुए दोनों एक-दूसरे को जानने लगे और प्यार हो गया। राहुल 'प्यार का पंचनामा 2', 'सोनू के टीटू की स्वीटी' जैसी फिल्मों में भी काम कर चुके हैं।



हॉलीवुड मसाला



# 'रेसिस्टर' के लिए निर्देशक की तलाश

**लॉस एंजिलिस।** विल स्मिथ इन दिनों अपनी फिल्म 'बैड बॉयजः राइड ऑर डाई' की सफलता को भुना रहे हैं। इसी बीच अभिनेता की आगामी फिल्म पर भी दिलचस्प अपडेट सामने आ गया है। विल एक बार फिर सोनी पिक्चर्स के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। उनकी अगली फिल्म 'रेसिस्टर' होगी। यह साइंस फाई थ्रिलर, डैनियल सुआरेज के 2014 के उपन्यास 'इन्फ्लक्स' पर आधारित है। 'रेसिस्टर' पर काम चल रहा है और फिलहाल निर्देशक की तलाश की जा रही है।




# 'स्माइल 2' के ट्रेलर को देख कर भूल जाएंगे मुस्कुराना

**लॉस एंजिलिस।** हॉरर फिल्मों के शौकीन लोगों के लिए जबरदस्त खबर आई है। 'स्माइल 2' का टीजर ट्रेलर रिलीज हो चुका है। साथ ही साथ फिल्म के मेकर्स ने रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया है। 'स्माइल 2' के टीजर को देखकर दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। यह फिल्म इस साल 18 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाओमी स्कॉट और लुकास गेज जैसे स्टार्स से सजी इस फिल्म के ट्रेलर को देखकर रूह कांप जाएगी। नाओमी स्कॉट और लुकास गेज की फिल्म 'स्माइल 2' का निर्माण पैरामाउंट ने किया है। यह फिल्म सस्पेंस और हॉरर फिल्म 'स्माइल' की सीक्वल है। 'स्माइल 2' के ट्रेलर की शुरुआत स्माइल एंटिटी के वापस आने से होती है।



# 'डबल एक्सएल' के सेट पर डर गई थीं

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल फिल्म 'डबल एक्स एल' में साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म में हुमा कुरैशी भी नजर आई थीं। इन दिनों सोशल मीडिया पर सोनाक्षी और जहीर का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें जहीर अपनी होने वाली जीवनसंगिनी के साथ प्रैंक करते दिख रहे हैं। वीडियो में सोनाक्षी और हुमा सेट पर घूमती दिख रही हैं, तभी अचानक जहीर पीछे से आकर सोनाक्षी को डरा देते हैं। सोनाक्षी डर जाती हैं। इसके बाद जहीर बहुत जोर से हंसते हैं। हुमा कुरैशी भी यह नजारा देख अपनी हंसी नहीं रोक पाई हैं। फिल्म 'डबल एक्स एल' वर्ष 2022 में रिलीज हुई थी। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की शादी की बात करें तो इसमें इनके करीबी दोस्त और परिवार के लोग ही शामिल होंगे।



# 'नो एंट्री-2' पर बोले यही लाइफ है

**मुंबई।** अनिल कपूर अब बिग बॉस ओटीटी 3 होस्ट करने वाले हैं। अनिल को बिग बॉस होस्ट करता देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। अनिल ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं जिसमें नो एंट्री और वेलकम 3 शामिल हैं। अब इन दोनों फिल्मों का दूसरा पार्ट आ रहा है। हालांकि दोनों ही फिल्मों में अनिल कपूर नहीं हैं। नो एंट्री तो उनके भाई बोनी ही प्रोड्यूस कर रहे हैं। बोनी ने तो बताया था कि अनिल उनसे इस वजह से खफा भी हैं। अब अनिल ने खुद इस पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में मुझे 2 फिल्मों से रिप्लेस कर दिया गया। इसके पीछे क्या वजह है मुझे नहीं पता। लेकिन ऐसी चीजें होती रहती हैं। हम अपना काम ईमानदारी और सच्चाई से करते हैं। बस यही लाइफ है।

टीवी मसाला



# जवाब देने में माहिर हैं टीवी इंडस्ट्री की ये बालाएं...

**नई दिल्ली।** टीवी जगत की अभिनेत्रियां अक्सर अपनी सीरियल वाली इमेज में बंध जाती हैं। उनमें से कई अभिनेत्रियां तो शो के बाहर भी कम बोलती नजर आती हैं। वहीं छोटे पर्दे की कुछ बालाएं ऐसी हैं जो असल जिंदगी में बहुत बोलती हैं। वे किसी भी बात का जवाब देने से घबराती नहीं हैं।

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम 'बिग बॉस' फेम ***शहनाज गिल*** का आता है। वे तो शो के दौरान सलमान खान को भी अपनी बातों से चुप करवा देती थीं। इस शो के दौरान दर्शकों को उनका चुलबुला अंदाज काफी पसंद आया था। वे शो कैंची की तरह जबान चलाती नजर आई थीं। वे पैपराजी तक को भी जवाब देने से कतराती नहीं हैं।

ऐसे ही ***निक्की तंबोली*** भी बहुत बोलती हैं। वे 'खतरों के खिलाड़ी' में सबको अपनी प्यारी बातों से चुप करवा देती थीं। सोशल मीडिया पर अक्सर उनकी तस्वीरों के अलावा उनकी बातों के क्लिप्स की वायरल होते रहते हैं। वे अपने मन की बात बिना लाग लपेट के बोल देती हैं।

इस लिस्ट में 'उडारियां' फेम ***ईशा मालवीय*** का भी नाम शामिल है। वे 'बिग बॉस' के पिछले सीजन में नजर आई थीं। शो के दौरान वे कई बार शो के होस्ट सलमान खान तक को जवाब देती दिखी थीं। ईशा शो में विक्की जैन के साथ काफी गप्पें मारती नजर आती थीं।

प्रियंका चोपड़ा की चचेरी लाडली बहन ***मन्नारा चोपड़ा*** भी बातें करने में या जवाब देने में किसी से कम नहीं हैं। वे 'बिग बॉस' में डंके की चोट पर अपनी बातें रखती नजर आई थीं। उनका बेबाक अंदाज उनके फैंस को काफी पसंद भी आया था।

# 'कल्कि 2898 एडी' का एक और पोस्टर हुआ जारी, जल्द होगी रिलीज

**मुंबई।** 'कल्कि 2898 एडी' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए देश-विदेश में दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म में कई बड़े सितारों का जमावड़ा देखने को मिलने वाला है। फिल्म में भारतीय पौराणिक कथाओं और साइंस-फिक्शन का मिश्रण देखने को मिलने वाला है। फैंस ट्रेलर रिलीज के बाद से ही इसे सिनेमाघरों में देखने के लिए और बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म 27 जून को रिलीज होने वाली है। कुछ दिनों पहले ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है। अब फिल्म का एक और नया पोस्टर जारी किया गया है। इस पोस्टर में वरिष्ठ अभिनेत्री शोभना का पहला लुक सामने आया है। इस पोस्टर में वह लंबे समय से प्रतीक्षा करती नजर आ रही हैं। फिल्म में वह मरियम के किरदार में नजर आने वाली हैं। बता दें कि शोभना तेलुगु



सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं, उन्होंने पर्दे पर कई यादगार भूमिकाएं निभाई हैं। यह फिल्म भारत में बनी सबसे महंगी फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण, दिशा पटानी, पसुपति और राजेंद्र प्रसाद आदि कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में संतोष नारायणन ने संगीत दिया है। वहीं, फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज के बैनर तले अश्विनी दत्त ने किया है।



# गिनीज बुक में दर्ज है नाम

*नई दिल्ली। मशहूर गायिका अलका याग्निक ने 14 साल की उम्र में फिल्म 'पायल की झंकार' का 'थिरकत अंग लचक झुकी' गाना गाया। अल्का याग्निक अब तक करीब 21 हजार गानों को अपनी सुरीली आवाज से सजा चुकी हैं। इनमें ये बंधन तो, हमने तुमको दिल ये दे दिया और उड़ जा काले कावां भी शामिल हैं। 90 के दशक में अलका याग्निक की आवाज का जादू खूब चला। अपनी गायिकी के लिए अलका याग्निक का नाम गिनीज बुक में भी दर्ज हो चुका है। वर्ष 2022 में वह दुनियाभर में सबसे ज्यादा सुनी जाने वाली सिंगर रहीं। अलका ने बीटीएस, टेलर स्विफ्ट, ब्लैकपिंक जैसे इंटरनेशनल आर्टिस्ट को पछाड़कर ये रिकॉर्ड बनाया। 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' के हिसाब से उस साल अलका याग्निक को यूट्यूब पर हर दिन औसतन 15.3 बिलियन बार स्ट्रीम किया गया। उनके टॉप गानो में एक दिन आप (यस बॉस), तू शायर है (साजन), ऐसी दीवानगी (दीवाना), गली में आज चांद निकला, (जख्म), राजा को रानी से प्यार हो गया (अकेले हम अकेले तुम), हम तो दीवाने हुए यार (बादशाह), दिल ने ये कहा है दिल से (धड़कन), सूरज हुआ मद्धम (कभी खुशी कभी गम), कुछ तो हुआ है (कल हो ना हो) और अगर तुम साथ हो (तमाशा) शामिल हैं, जिन्हें दर्शक बड़े चाव से सुनते हैं।*

# जो करने का मन है, वही करना चाहिए : नीरज पांडे

मुंबई से लौटकर पूजा पुजारा

## जुहू पीवीआर में 'औरों में कहां दम था' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट

13 जून को मुंबई के जुहू स्थित पीवीआर में अजय देवगन, तब्बू, जिम्मी शेरगिल, शांतनु माहेश्वरी और सई मांजरेकर स्टारर फिल्म 'औरों में कहां दम था' का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया था। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में फिल्म की पूरी स्टारकास्ट के साथ-साथ डायरेक्टर नीरज पांडे और संगीतकार एम एम कीरवानी भी मौजूद थे। ट्रेलर लॉन्च के दौरान सभी ने प्रेस के सवालों के जवाब दिए।

***16 साल बाद नीरज पांडे लेकर आए लव स्टोरी :*** डायरेक्टर नीरज पांडे ने अब तक 'स्पेशल 26', बेबी और एम एस धोनी जैसी फिल्मों को डायरेक्ट किया है। वहीं इतने सालों बाद रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा में हाथ आजमाने जा रहे हैं। नीरज पांडे ने बताया कि 16 साल पहले वो रोमांटिक फिल्म ही बनाने चाहते थे लेकिन तब उन्हें कोई प्रोड्यूस करना नहीं चाह रहा था, इसलिए इतना समय लग गया। वहीं आज के समय में रोमांटिक फिल्म बनाने के रिस्क के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा- 'जो करने का मन है वही करना चाहिए और अगर सभी एक्शन फिल्में बना रहे हैं तो जरूरी है कि मैं इसके उलट लव स्टोरी बनाऊं'।



### तब्बू और अजय की खट्टी-मीठी केमिस्ट्री

तब्बू और अजय देवगन ने 1994 में पहली बार साथ काम किया था और दोनों की केमिस्ट्री फैंस को पसंद भी आती है। लॉन्चिंग के दौरान दोनों के बीच खट्टी-मीठी केमिस्ट्री देखने को मिली। तब्बू ने बताया कि अजय देवगन सारी गॉसिप उनसे पूछते हैं।

### फीलिंग्स कभी नहीं बदलती : अजय

ये एक रोमांटिक लव स्टोरी ड्रामा फिल्म है, ऐसे में पूछा गया कि 2024 में प्यार किस तरह बदल चुका है? इस पर अजय देवगन ने जवाब दिया - 1824, 1724 हो या 1624... फीलिंग्स हमेशा एक ही समान रहती है। आप बस कितना अभिव्यक्त कर पाते हो इसका ही फर्क है।

### इस उम्र में रोमांटिक रोल करने पर तब्बू का जवाब

'पहले तो मैं डायरेक्टर नीरज पांडे को धन्यवाद देना चाहती हूं मुझे फिल्म में लेने के लिए'। आगे उन्होंने कहा- रोमांस युवा या किसी एज ग्रुप का नहीं, यहां बंदिशें नहीं हैं। एक रिलेशनशिप, प्यार या रोमांस से बड़ा और खूबसूरत होता है और एक ह्यूमन रिलेशनशिप को जानने का कोई अंत नहीं होता। फिल्म का निर्माण एन.एच स्टूडियोज ने किया है। वहीं ये फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 21 जून 2024

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4 नए कानूनी प्रावधानों पर कार्यशाला नवीन संहिताओं की दी जानकारी



## खबर संक्षेप



### गोपीनाथ मंदिर में कथा विश्राम आज

**रायगढ़।** शहर के कोष्टापारा पैलेस रोड़ स्थित भव्य श्री गोपीनाथ जीव मंदिर में विगत 13 से 21 जून तक चतुर्दश वार्षिक महोत्सव व श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन आयोजक पं बृजेश्वर मिश्रा के सानिध्य में किया जा रहा है। व्यासपीठ पर श्री धाम वृंदावन के श्री हित वल्लभ महाराज अपने दिव्य प्रवचनों से श्रद्धालुओं को प्रतिदिन दोपहर तीन से श्री हरि इच्छा तक निहाल कर रहे हैं। व्यासपीठ पर विराजित श्री हित वल्लभ महाराज ने विवाह महोत्सव प्रसंग पर कहा कि रुक्मिणी के भाई रुक्मणि का विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था लेकिन रुक्मिणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे और वह जानती थी कि शिशुपाल असत्य मार्गी है और भगवान श्री मधुसूदन सत्य मार्गी हैं। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को स्वीकार कीं। वहीं रुक्मिणी के प्रेम को समझ परमात्मा श्री राधे ने भी रुक्मणी को अपनाकर उनके मनोरथ को पूरी किए इस तरह पावन अमृतमयी कथा की धारा बह रही है। जिसमें भक्तगण डूबकी लगा रहे हैं।

### 15 लीटर अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा के माइनर एक्ट की कार्रवाई के लिए थाना पूंजीपथरा स्टाफ ग्राम गेरवानी, सराईपाली, चिराईपानी, देलारी की ओर रवाना हुए थे। इसी दरम्यान थाना प्रभारी को मुखबीर से सूचना मिली कि चिराईपानी का प्रकाश चौहान अवैध बिक्री के लिए काफी मात्रा में महुआ शराब घर पर छिपा कर रखा है। सूचना पर थाना पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा संदेही के घर गवाहों को लेकर दबिश दिया गया। संदेही प्रकाश चौहान घर में उपस्थित मिला जिसे अवैध शराब बिक्री करने के लिए घर पर छिपा कर रखने के संबंध में पूछताछ करने पर संदेही शराब बिक्री करना स्वीकार कर घर के आगंन से 10-10 लीटर क्षमता वाले दो प्लास्टिक जरिकेन में भरा हुआ करीब 15 लीटर महुआ शराब कीमती 1500 रुपए का पेश किया गया जिसे जप्त किया गया। आरोपी प्रकाश चौहान पिता घुराउ चौहान उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम चिराईपानी थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़' के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में धारा 34,2,59,क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

### ट्रक के नीचे सोते चालक पर खलासी ने चढ़ाया ट्रक



**रायगढ़।** शहर के जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सावित्री नगर के पास एक ट्रक के खलासी ने वाहन बैक करते समय ट्रक के नीचे सो रहे चालक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में चालक गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार शाम सावित्री नगर के पास स्थित केडिया गोदाम आए महाराष्ट्र के ट्रक से उसी ट्रक का ड्राइवर बुरी तरह घायल हो गया है। ट्रक क्रमांक एमएच 16 इब 7222 का ड्राइवर सावित्री नगर के पास केडिया गोदाम के बगल में ट्रक के नीचे सोया हुआ था। तभी खलासी ने ट्रक स्टार्ट कर बैक कर दिया। जिससे ट्रक ड्राइवर ट्रक के नीचे आ गया और बुरी तरह घायल हो गया है। घटना की सूचना जूटमिल टी आई मोहन भारद्वाज को मिलने के बाद, पुलिस तत्काल एक्टिव हो गई और घटनास्थल पर पहुंच कर घायल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।

---

बर्तन, दाल, पापड़ के बदले पुराना मोबाइल बेचना पड़ रहा महंगा

# बदला पैटर्न : कबाड़ समझ बेचा पुराना मोबाइल, अब उसी से हो रही ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



अलग खबर

आपके घर में एक पुराना मोबाइल पड़ा हैए जिसे अब आप इस्तेमाल में नहीं ला रहे हैं। आप उस पुराने फोन को एक दो बर्तनों या दाल व जीरे के बदले फेरीवाले को बेच देते हैं तो ये ये सौदा आपको बहुत महंगा पड़ सकता है।

हाल में ही पड़ोसी राज्यों में ऐसे ही मोबाइल से ठगी की वारदात हुई है। पुराने या खराब मोबाइल के बदले दाल, लहसुन, जीरा और बर्तन बेचने वाले 50 से अधिक फेरीवाले इस समय घूम रहे हैं। इनके साथ पुराना या खराब मोबाइल का सौदा आपको महंगा भी पड़ सकता है। दरअसल इस तरह के फोन आगे मार्केट में जाते हैं और वहां हैकर्स आपके फोन का डेटा निकालकर उसका गलत इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप भी ऐसा कर रहे हैं तो सावधान हो जाएं। साइबर ठग उन पुराने खराब मोबाइल को फेरी वालों से खरीदकर ठीक करा लेने के बाद उस मोबाइल का इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी करने में आदि में कर रहे हैं। ऐसे में यदि कोई ठगी का शिकार पीड़ित पुलिस में मामला दर्ज करा देता है तो पुलिस जांच में वह आरोपी बन जाता हैए इसके नाम से मोबाइल पहले पंजीकृत है और मोबाइल का ठगी करने में उपयोग किया गया हो। इसका परिणाम यह होता है कि साइबर ठग तो पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाता लेकिन जिसने मोबाइल को कबाड़ समझ कर चंद पैसों के लालच में बेच दिया था वे मुसीबत में फंस जाते हैं और पुलिस एवं कानून के जाल में उलझ कर रह जाते हैं।

**केस 1**

शहर के शिवा नगर निवासी एक व्यक्ति ने एक खराब मोबाइल मार्च माह में फेरी वाले को बेचा। ठग ने उसके मोबाइल का डेटा निकाल कर उसका नंबर तलाश कर उसके आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के नाम पर रकम मांगी।

### क्योंकि एक मोबाइल से सिर्फ दो-चार ठगी

एक्सपर्ट अनिल सिंह बताते हैं कि ठग किसी भी मोबाइल का उपयोग दो-चार ठगी की वारदातों के लिए करते हैं। उसके बाद दूसरा मोबाइल उपयोग में लेते हैं। इसलिए अब ठगों ने पुराने खराब मोबाइल लेकर उन्हें सही कराने के बाद ठगी के काम में लेना भी शुरू कर दिया है। इसके अलावा फोन के खराब होने के बाद भी उसमें मौजूद डेटा उसकी ड्राइव में सही सलामत रहता है। जब वह मोबाइल ठीक होकर ऑन होता है तो उसमें मौजूद सारा डेटा ठगों के हाथ लग जाता है।

### जल्द होगी कार्रवाई

संज्ञान में आया है कि वर्तमान में फेरी वाले आवाज लगाकर खाने पीने के सामान के बदले पुराने खराब मोबाइल लेकर जाते हैं। इसके लिए जल्द ही प्लानिंग कर फेरी वालों की जांच कराई जाएगी कि वे इन मोबाइल को कहां बेचते हैं। ताकि उन पुराने खराब मोबाइल का साइबर क्राइम में उपयोग नहीं हो सके और न ही कोई गैर कसूरवार व्यक्ति पुलिस व कानून के चक्कर में फंसे।

**अविनाश उपाध्याय**
प्रभारी, साईबर थाना

### क्या-क्या चुराते हैं साइबर ठग

इस तरह के फोन से ठग आपके फोटो, उसमें मौजूद विडियो, सोशल मीडिया डिटेल व अन्य पर्सनल डेटा चुरा लेते हैं। कई बार मोबाइल के अंदर तमाम बैंक अकाउंट, चेक, पैन कार्ड की फोटो क्लिक करने के बाद रह जाती है। मोबाइल में डेटा की वह स्थिति मौजूद रहती है जिसमें किसी व्यक्ति, कंपनी या संगठन की महत्वपूर्ण और संवेदनशील जानकारी को साइबर अपराधियों द्वारा देखा, एक्सेस किया या चुरा लिया जाता है। जरुरी है कि मोबाइल में डाटा सिक्यूरिटी पर भी यूजर का ध्यान हो।

---



# वातानुकूलित इंजनों में भी तप रहे लोको पायलट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वर्तमान में धीरे धीरे सभी ट्रेनों के इंजनों को अपग्रेड करते हुए एसी से लैस इंजन परिचालित किए जा रहे हैं। किंतु इंजनों में एसी लगने के बाद भी लोको पालयट को गर्मी झेलनी पड़ रही है। इसकी बड़ी वजह है कि एसी की नियमित मरम्मत नहीं होने की वजह से 90 फीसदी इंजनों के एसी काम नहीं कर रहे हैं।

वर्तमान में कई ट्रेनों में वतानुकुलित इंजन लगाए गए हैं, किंतु इस बाद भी लोको पायलट इन इंजनों के भीतर तप रहे हैं। सूत्रों के अनुसार स्थिति यह है कि करीब 90 फीसदी इंजनों में एसी या तो सही ढंग से काम नहीं कर रहा है या तो बंद पड़ा हुआ है। वहीं कुछ सूत्रों ने बताया कि इसकी शिकायत की जा चुकी है, किंतु मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति ही की जाती है। कई बार को मरम्मत होने के बाद भी बीच रास्ते में ही एसी दम तोड़ देते हैं।

### इंजन में आती है कई खामियां

वर्तमान में गर्मी अपने चरम पर है, ऐसे में इंजन का तापमान बाहर के तापमान से करीब 5 डिग्री तक अधिक होता है। ऐसे में कई बार इंजन के उपकरण में भी तकनीकी खामियां आती है। कई बार तो डिस्पले बंद हो जाता तो कई बार उसके रंगे बदल जाते हैं। इसके अलावा भी कई तरह की तकनीकी खामियां देखने को मिलती है।

### मरम्मत को लेकर बरती जाती है लापरवाही

रेलवे के सूत्रों के बताए अनुसार जिन इंजनों को मरम्मत के भेजा जाता है। उनके एसी की जांच सही ढंग से नहीं आती है खानापूर्ति करते हुए इस दुरूस्त कर दिया जाता है। किंतु कई बार तो एक ही या कुछ घंटों में एसी बिगड़ने की भी स्थिति देखने को मिली है। ऐसे में कई बार इस ओर ध्यान आकर्षित करने के पर भी मरम्मत को लेकर लापरवाही बरती जाती है।

---

# एनएच 49 पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई कर हेलमेट वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल एवं डीएसपी ट्रैफिक रमेश कुमार चन्द्रा द्वारा नेशनल हाईवे 49 के ब्लैक स्पॉट एरिया में कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया।

जिसके बाद अधिकारियों ने ग्राम कुनकुनी में आयोजित हेलमेट वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर यातायात पुलिस द्वारा हाइवे पर की गई। मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई में बिना हेलमेट वाहन चालकों को हेलमेट का वितरण किया गया है। एसडीओपी खरसिया एवं ट्रैफिक डीसीपी ने दुपहिया चालकों को यातायात नियमों का पालन करने आगे बाइक चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की समझाइश दी गई है। इस दौरान थाना यातायात एवं थाना खरसिया के स्टाफ भी मौजूद थे।

### थवाईत महिला समाज की अध्यक्ष बनीं दिशा



**रायगढ़।** थवाईत महिला समिति का निर्वाचन विगत 16 जून को सर्व सम्मति से किया गया। जिसमें समस्त थवाईत महिला समाज की सभी महिलाओं द्वारा चुनाव में अपने मताधिकार किया व सर्वाधिक मतों से दिशा थवाईत विजय प्राप्त कीं। वहीं मिलनसार दिशा थवाईत छुई खदान के गौटिया स्व. बिहारी राम महोबिया व उनकी अद्र्धांगिनी स्व श्रीमति श्याम देवी महोबिया की छोटी सुपुत्री और शहर के बेहद मिलनसार व्यक्तित्व के धनी खगेश्वर थवाईत के सुपुत्र उमेश थवाईत रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष व क्लब के वर्तमान असिस्टेंट गर्वनर की अर्धांगिनी हैं।

# स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण दो भवन मालिकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अनुमति के विपरीत निर्माण करने वाले दो लोगों को निगम प्रशासन द्वारा नोटिस जारी कर किया गया है। इसी तरह एक अन्य निर्माण में अनुमति संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें मिट्ठूमुंडा तालाब के बगल में निवासी मोहम्मद गुलजार द्वारा भवन निर्माण कराया जा रहा है।

शिकायत मिलने पर निगम की टीम द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर पालिका निगम क्षेत्र अंतर्गत मिट्ठू मुंडा तालाब के बगल में स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण पाया गया। इसपर मोहम्मद गुलजार को नोटिस जारी कर स्वीकृत से अतिरिक्त निर्माण को तत्काल स्वयं से हटा लेने और अनुमति के आधार पर निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा नहीं करने पर नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 307 के अंतर्गत अवैध निर्माण मानते हुए विधि सम्मत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। इसी तरह बोईरदादर शालिनी स्कूल के पास निवासी रमेश मिश्रा द्वारा भी शालिनी स्कूल के पास स्वीकृत नक्शे के विपरीत निर्माण किया जा रहा है, जिसपर नोटिस जारी कर स्वीकृत नक्शे के अनुसार निर्माण करने अतिरिक्त निर्माण को हटाने के निर्देश के साथ नगर पालिका निगम 1956 की धारा 307 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। इसी तरह रमेश मिश्रा द्वारा शिव कानन के सामने निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसमें रमेश मिश्रा को नोटिस जारी कर निर्माण कार्य को रोकने भवन अनुज्ञा एवं भूमि स्वामी संबंधित समस्त दस्तावेज सात दिवस के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करने की बात कही गई है। ऐसा नहीं करने पर नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 307 के अंतर्गत अवैध निर्माण मानते हुए विधि सम्मत कार्रवाई करने एवं अवैध निर्माण हटाने में होने वाले व्यय को संबंधित से वसूलने की चेतावनी दी गई है।

---

# यौन उत्पीड़न के अपराध में युवक गिरफ्तार, गया जेल

**रायगढ़।** थाना पुसौर में स्थानीय युवती द्वारा कृष्णा चौहान निवासी ग्राम बरपाली जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के विरुद्ध इंस्टाग्राम पर फोटो अपलोड कर बदनाम करने संबंधी आवेदन दिया गया। पीड़ति युवती बताई कि पिछले एक साल से इंस्टाग्राम के जरिए कृष्णा चौहान से जान परिचय हुआ।




कृष्णा चौहान पसंद करने की बात कहता था जिसे इन सब में नहीं पड़ना है कहकर समझाई थी। कृष्णा चौहान के जीद करने पर एक बार चंद्रपुर उसके साथ घूमने गई थी। जहां दोनों साथ सेल्फी लिये थे। इस बीच में युवती की शादी उसके समाज में तय हुईए उसके मंगेतर को कृष्णा चौहान दोंनो के साथ वाली फोटो भेजकर शादी तुड़वा दिया। जिससे बीते 9 जून को युवती अपने भाई के साथ कृष्णा चौहान को समझने उसके घर गये थे। जहां कृष्णा चौहान और उसके मां ने युवती और उसके भाई भला.बुरा कहकर डांट फटकार कर भगा दिए और दूसरे दिन कृष्णा चौहान कई सारे फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर समाज में बदनाम किया। युवती के आवेदन पर थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे द्वारा आरोपी कृष्णा चौहान पर धारा 509, ख के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आज आरोपी के सकुनत पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी कृष्णा चौहान पिता लाल चौहान उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बरपाली थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ से उसका मोबाइल जप्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### युवक से साढ़े सात हजार की शराब जब्त

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उर्दना तिराहा के पास एक युवक को अंग्रेजी शराब और बीयर के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस की गिरफ्त में आए युवक ने अपना नाम दुर्गा प्रसाद जांगडे पिता गुरूचरण जांगडे उम्र 25 वर्ष निवासी ढिमरापुर थाना कोतवाली जिला का रहने वाला बताया, जिसके कब्जे से एक थैला के अंदर 13 नग अंग्रेजी बीयर एवं 20 नग नंबर 1 अंग्रेजी शराब, जुमला 12.050 बल्क लीटर शराब कीमती 7260 रुपए का बरामद किया गया। युवक ने अवैध बिक्री के लिए शराब परिवहन करना बतायाए आरोपित के कृत्य पर थाना कोतवाली में धारा 34,2,59,क आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। गौरतलब है कि पुलिस की निरंतर कार्रवाई के बावजूद शहर में शराब का अवैध व्यापार बंद होने के बजाय बढ़ता जा रहा है।

# 20 सालों से सेवा का जरिया बना ओजस योग मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बीमारियो की शुरुआत मन से होती है और एलोपैथ तन का इलाज करता है जबकि योग मन के इलाज का जरिया है। उक्त बाते बीस वर्षो से योग सेतु सेवारत संस्थान की संचालिका श्रेया अग्रवाल ने योग दिवस के अवसर पर चर्चा के दौरान कही। श्रेया का मानना है कि प्राचीनकाल से योग और आयुर्वेद भारतवर्ष मे स्वास्थ लाभ व रोग ऊपचार का सशक्त माध्यम रहा है जब साधन नही थे इस दौर में प्राकृतिक चिकत्सा पद्धति से इलाज किया जाता था।

योग के जरिए रोगी के रोगों का उपचार तो होता ही है साथ साथ रोग स्वस्थ भी रखता है। कोई भी व्याधि शरीर से पहले मन मे जन्म लेती है। वैज्ञानिक अनुसंधान में इस तथ्य को प्रमाणित पाया गया है। अपच] सिर दर्द, बीपी शुगर से लेकर चर्मरोग और कैंसर तक के असाध्य रोग के जन्म का स्थान मनुष्य का मन है। वर्षों पूर्व ही ऋषियों मुनियों ने इसका योग ओर आर्युवेद में इसका सहज समाधान बताया। यौगिक विद्या का जादुई एवं चमत्कारिक असर मेरे लिए आश्चर्य का विषय रहा। योग से जुड़े साधक ने जीवन के हर पल की महत्ता को समझते है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बिना कार्य के लोग व्यस्त है। इस व्यस्तता ने जीवन के अमन चैन को खत्म कर दिया है। अतृप्त मन कैसे तृप्त हो मन निरोगी कैसे हो, ताकि मन के आंगन में रोग व्याधि बीमारी का जन्म ही ना हो। इसके लिए है निरंतरता के साथ श्रद्धा पूर्वक योगअभ्यास आवश्यक है। परम श्रद्धेय गुरुवर स्वामी रामदेव ने योग को आम जनमानस तक पहुँचाने के लिये उनके सराहनीय प्रयास वंदनीय है। उनकी शाश्वत प्रेरणा पाकर ओजस योग मंदिर की नीव सेवा के मूल भाव से की गई। स्थापना के बाद कई साधको ने योग से अपने मन को निर्मल कर बहुत से शारीरिक और मानसिक व्याधियों से छुटकारा पाकर अपने जीवन को सार्थक बनाया। ओजस योग मंदिर से प्रवाहित योग की अनुपम धारा घर घर तक पहुंचे और मानव अपने अंदर छुपी हुई शक्ति सामर्थ्य को जान सके। ओजस योग मंदिर के नियमित योग साधना से सैकड़ों लोग न केवल स्वस्थ्य हुए हैं बल्कि बीपी व शुगर जैसी बीमारियों पर भी नियत्रंण हुआ है।

---

दुर्घटना की आशंका को लेकर छात्र संगठन ने एसडीएम को सौंपा था ज्ञापन

# आत्मानंद स्कूल मार्ग पर भारी वाहन प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




धरमजयगढ़ क्षेत्र के छात्र संगठन ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम एसडीएम डिगेश पटेल को ज्ञापन सौंपा है। छात्र संगठन ने स्कूल के रास्ते पर छोटे बड़े वाहनों के चलने से दुर्घटना की आशंका को लेकर चिंता जाहिर की है। छात्रों की मांग को देखते हुए एसडीएम ने सुबह 8 से शाम 4.30 बजे उक्त मार्ग पर भारी वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया है।

बुधवार को धरमजयगढ़ के छात्र संगठन की टीम ने इस आशय का ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि धरमजयगढ़ नगर में स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल के रास्ते पर वाहनों के तेज रफ्तार से चलने के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है। छात्र संगठन द्वारा स्कूल समय में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात किए जाने अथवा उस मार्ग पर वाहनों का परिचालन बंद करने की मांग की गई है। जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावनाओं को टाला जा सके। बता दें कि इससे पहले भी इस मार्ग पर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाए जाने के आदेश स्थानीय प्रशासन द्वारा दिए गए थे लेकिन जमीनी स्तर पर ज्यादा लंबे समय तक उस आदेश का अनुपालन नहीं कराया जा सका। स्कूल के रास्ते पर यात्री बसें और अन्य भारी वाहन अब भी बेधड़क दौड़ रही हैं। अब फिर से छात्र संगठन द्वारा इस मामले पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने को लेकर अनुकारणीय पहल की गई है।

### तत्काल जारी किए गए प्रतिबंध के आदेश

स्थानीय छात्र संगठन द्वारा छात्रों की सुरक्षा को लेकर ज्ञापन सौंपे जाने के बाद धरमजयगढ़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिगेश पटेल ने तत्काल प्रभाव से आदेश जारी किया। एसडीएम ने आदेश जारी करते हुए सुबह 8 बजे से शाम 4.30 बजे तक धरमजयगढ़ नगर के स्वामी आत्मानंद स्कूल मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया है। इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने की जिम्मेदारी धरमजयगढ़ थाना प्रभारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी गई है।

# टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित



**रायगढ़।** रायगढ़ टैक्स बार एसोसिएशन ने वर्ष 2024-2026 की नई कार्यकारिणी का मनोनयन किया। इस संगठन के नए नेतृत्व में एमएल सारस्वत, पीके श्रीवास्तव और राजेन्द्र अग्रवाल को संरक्षक नियुक्त किया गया।

एडवोकेट सुनील अग्रवाल ने अध्यक्ष का पद संभाला है, जबकि उपाध्यक्ष के रूप में एडवोकेट अजय शर्मा और अलकेश श्रीवास्तव का चयन किया गया। सचिव के रूप में। नितेश अग्रवाल और सह सचिव के रूप में एडवोकेट प्रकाश नामदेव और भारत अम्बवानी का नामांकन किया गया है। ट्रेजरर के रूप में एडवोकेट रामकुमार अग्रवाल, आडिटर के रूप में अमित अग्रवाल, और मीडिया प्रभारी के रूप में एडवोकेट अंशुमन श्रीवास्तव ने अपने पदों पर संलग्न होने का वादा किया है। इस साथी काम को संचालित करने के लिए टेक्निकल कमिटी के रूप में एडवोकेट संदीप अग्रवाल और विकास अग्रवाल का चयन किया गया है।

